● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 105, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 22 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राजीव को याद कर राहुल ने शेयर किया भावुक पोस्ट 5

सीएसके की हार के बाद फ्लेमिंग की प्रतिक्रिया 6



## मौलिक अधिकारों के विस्तार में सुप्रीम कोर्ट की अहम भूमिका : सीजेआई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों के दायरे को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है और इसका 75 साल का सफर भारतीय संविधान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना तकनीक, मध्यस्थता और चुनावी प्रक्रिया जैसे जटिल मामलों पर फैसले देकर समाज की बदलती जरूरतों को पूरा किया है।

सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट ने जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के जरिए सबसे कमजोर वर्गों के लिए अपने दरवाजे खोले हैं। वह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर एक पुस्तक का



विमोचन किया गया।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष ऐतिहासिक है, क्योंकि संविधान और सुप्रीम कोर्ट दोनों को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पिछले साढ़े सात दशकों में हमने संविधान और सुप्रीम कोर्ट के बीच अटूट संबंध देखा है। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट संविधान के तहत स्थापित किया गया था और उसके तहत ही कार्य करता है, लेकिन कोर्ट ने भी संविधान की सबसे बड़ी ढाल के रूप में कार्य किया है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट की 75 साल की यात्रा और संविधान की यात्रा एक-दूसरे से अलग नहीं की जा सकती। एक जीवन देता है और दूसरा यह सुनिश्चित करता है कि वह जीवन गरिमा, न्याय और स्वतंत्रता के साथ जारी रहे।

सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट को संविधान के तहत एक बहुत बड़ा दायित्व सौंपा गया था। इसी दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने 'केशवानंद भारती मामले' में मूलभूत ढांचे (बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर) के सिद्धांत का विकास किया, ताकि संविधान की बुनियादी विशेषताओं की रक्षा की जा सके।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) की व्यापक और प्रगतिशील व्याख्या करके निजता का अधिकार, गरिमा का अधिकार, न्याय का अधिकार, भोजन, आवास, स्वच्छ पानी और प्रदूषण मुक्त वातावरण का अधिकार जैसे कई अहम अधिकारों को मान्यता दी। जस्टिस गवई ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी-कभी अपने ही पुराने फैसलों को गलत माना और उन्हें सुधारने का साहस किया और विनम्रता भी दिखाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मौलिक अधिकार मानने वाले फैसले में एडीएम जबलपुर मामले को एक ऐतिहासिक भूल बताया। उन्होंने कहा, हालांकि एडीएमजबलपुर का कानूनी असर संविधान संशोधन से खत्म हो गया था, लेकिन कोर्ट द्वारा खुद की गलती स्वीकार करना न्यायिक जागरूकता की मिसाल है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट की 75 साल की यात्रा केवल जजों की नहीं, बल्कि वकीलों की भी है, जिन्होंने अपनी दलीलों, विचारों और वकालत से सांविधानिक बहस को आकार दिया। उन्होंने कहा कि न्याय की कहानियां केवल कानून के दायरे में सीमित न रहें, बल्कि आम जनता तक पहुंचें।

## मप्र देश का दिल है, इसकी धड़कनों में प्रदेश की आहट होना चाहिए : डॉ. यादव

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन गर्व का विषय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल है, और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होना चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन मध्यप्रदेश की क्षमता को दर्शाता है। प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान तथा उनसे संवाद के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल का लोकार्पण भी



किया। उन्होंने पुस्तिका मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम का विमोचन किया। इस अवसर पर ई-ज्ञानसेतु और चयनित प्रतिभागियों पर वृत चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल, प्रतिभागी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक स्वस्थ्य लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की ही देन है कि जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यह भी गर्व का विषय है कि सिविल सेवा में चयनित अधिकांश युवाओं ने शासकीय स्कूलों से पढ़ाई की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता संग्राम में श्रद्धेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा।

## यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र : योगी

**लखनऊ।** यूपी के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना की जाएगी जिससे कि दिव्यांगों को पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यह निर्देश अपने आवास पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में दिए। उन्होंने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक



तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णत: सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए।

## पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वे जांच में सहयोग करें। पूजा पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है? वह कोई ड्रग माफिया या आतंकी नहीं है।

## आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया ऑपरेशन सिंदूर का सबूत : धनखड़

**पणजी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों ने खुद ही ऑपरेशन सिंदूर का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सेना, वहां के राजनेता और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के



दौरान भारत की सटीक सैन्य कार्रवाई ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा जवाब दिया। यह एक वैश्विक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से यह संदेश दिया कि अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार की गई थी, लेकिन भारत ने अपनी परंपराओं और मूल्यों का ध्यान रखते हुए केवल आतंकियों को ही निशाना बनाया। यह बहुत सुकून देने वाली बात है कि इस हमले में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया। यह कार्रवाई भारत की नैतिकता के अनुरूप थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई भी इस ऑपरेशन के सबूत नहीं मांग रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की वह सैन्य कार्रवाई है जो 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी।

## साक्षरता दर के साथ मिजोरम बना भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य

**मिजोरम।** देश की शैक्षिक यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण आया जब मिजोरम यूएलएलएएस (अंडरस्टेंडिंग लाइफलांग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) पहल के तहत भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य बन गया। इसकी घोषणा को मुख्यमंत्री ललदूहोमा ने मिजोरम विश्वविद्यालय (एमजेडयू ) में एक विशेष समारोह में की। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी और मिजोरम के शिक्षा मंत्री डॉ. वानललथलाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## एसबीआई की महिला ब्रांच मैनेजर का कन्नड़ बोलने से इनकार

### सिद्धारमैया बोले-स्थानीय भाषा का हो सम्मान

**बंगलूरू।** कर्नाटक में एक बार फिर भाषा को लेकर विवाद सामने आया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की महिला ब्रांच मैनेजर ने अपने एक ग्राहक के साथ स्थानीय भाषा कन्नड़ में बात करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच भाषा को बहस हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि ग्राहक के बार-बार आग्रह करने के बावजूद महिला ब्रांच मैनेजर कह



रही है कि वह कन्नड़ में बात नहीं करेगी। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कन्नड़ समर्थक समूहों ने एसबीआई से महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पर अब राजनीति भी शुरू हो गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महिला ब्रांच मैनेजर की आलोचना करते हुए कहा, सभी को स्थानीय भाषा का सम्मान करना चाहिए।

## पाकिस्तान के झूठे आरोपों को भारत ने नकारा

### कहा- ध्यान भटकाने के लिए हथकंडे अपना रहा पाक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में बुधवार को हुए विस्फोट में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने इस घटना में भारत की संलिप्तता का दावा किया है। पाकिस्तान की ओर किए जा रहे झूठे दावों का भारत ने खंडन किया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए इन आरोपों को निराधार बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता रहा है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसे सभी घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बनने की अपनी साख से ध्यान



भटकाने और अपनी गंभीर विफलताओं को छिपाने की पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपने आंतरिक मामलों के लिए भारत को दोषी ठहराता है। दुनिया को गुमराह करने का यह प्रयास असफल होना ही था। बता दें कि बुधवार सुबह बलूचिस्तान के खुजदार शहर में एक स्कूल बस पर हुए संदिग्ध आत्मघाती हमले में भारत का हाथ होने का झूठा आरोप लगाया था। जिसमें चार बच्चे मारे गए थे। विस्फोट के समय खुजदार में सेना द्वारा संचालित स्कूल की बस में करीब 40 छात्र सवार थे, जिनमें से कई घायल हो गए है। पाकिस्तान की सेना और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और घटना के लिए भारत को दोषी ठहराया, हालांकि इस दावे का उनके पास कोई सबूत नहीं है।

### भारत का पाक पर एक और सख्त एक्शन

## 24 घंटे में उच्चायोग के अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश

**नई दिल्ली।** भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने आज इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में आज पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया।

## पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बने साझा वैश्विक मंच : राघव

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद पूरी दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर चर्चा हो रही है। भारत ने हर मंच से अपनी बात मजबूती के साथ रखी है और कहा है कि इस तरह के हमलों का करारा जवाब दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को साझा मंच विकसित करना चाहिए जिससे इस तरह के आतंकवाद को पूरी दुनिया में कहीं समर्थन न मिले। उन्होंने यह बात ग्लोबल एशियन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में कहा। राघव चड्ढा ने मजबूती से भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि पहलगाम हमले में देश ने 26 मासूम निर्दोष नागरिकों को खोया है।

## इंदौर के रेडिमेड व्यापारी नहीं करेंगे चीन और बांग्लादेशी कपड़ों का व्यापार



**इंदौर।** इंदौर के राजवाड़ा क्षेत्र के कपड़ा व्यापारियों ने चीन और बांग्लादेश का बहिष्कार किया है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने सामूहिकता से निर्णय लिया है कि जो भारत के खिलाफ साजिश रचेगा, उसके साथ हम व्यापार नहीं कर आर्थिक नुकसान पहुंचाएंगे। व्यापारियों ने दुकानों पर बहिष्कार के पोस्टर लगाए है। बहिष्कार करने का संकल्प एसोसिएशन से जुड़े 600 व्यापारियों ने हनुमान मंदिर में जाकर लिया।बांग्लादेश में रेडिमेड कपड़ों का बड़ा कारोबार है और बड़े ब्रांड के कपड़े भी वहां से बिकने के लिए भारत आते है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने कहा कि सभी व्यापारी चीन और बांग्लादेश से कपड़ों का व्यापार नहीं करेंगे। यदि कोई व्यापारी वहां के कपड़े मंगाता है तो फिर उस पर अर्थदंड लगाया जाएगा। जुर्माने की राशि एक लाख रुपये रखी गई है। अर्थदंड की राशि भारतीय सेना के कोष में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमने चीन और बांग्लादेशी के व्यापार के कपड़ा वितरकों को पत्र लिखकर आगाह किया है कि वे वहां के माल को कम दामों में देने का दबाव व्यापारियों पर न बनाए। राजवाड़ा क्षेत्र की दुकानों में बुधवार को बहिष्कार के पोस्टर भी नजर आए।

## 27 नक्सली ढेर, डेढ़ करोड़ का इनामी बसव मारा गया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है।

नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़



जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्ललियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 26 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा जी को भी बधाई देता हूं।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 27 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है।

# एसपी की जनसुनवाई महज औपचारिकता में सिमटी

## फरियादियों को एसपी से मिलने नही दिया जाता, आखिर यह कैसी जनसुनवाई

**सिंगरौली।** म.प्र. के मुख्य मंत्री आम जनता की समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के लिए जनसुनवाई का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को सुनिश्चित किया है। लेकिन सिंगरौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय में यह जनसुनवाई महज औपचारिकता में सिमट कर रह गई। फरियादियों को एसपी से मिलने नही दिया जाता, ऐसे में जनसुनवाई महज मजाक बनकर रह गई है।

गौरतलब हो कि सरकार का मुख्य उद्देश्य था कि जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता के जो शिकायते होती थी, उसका समय पर निराकरण करने के लिए यह जनसुनवाई आयोजित की जाती है। ताकि जनता का समय पर निराकरण किया जा सके। लेकिन सरकार का यह उद्देश्य सिंगरौली में फेल नजर आ रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिंगरौली है। जहां बीते मंगलवार को पुलिस विभाग में समस्याओं को निराकरण नही होने के चलते फरियादी एसपी से शिकायत करने पहुंचे थे। जहां एसपी कार्यालय के बाहर बैठे पुलिस अधिकारी आवेदन पढ़ने के बाद एसपी से नही मिलने दिया गया। यह कह कर लौटा दिया गया कि आवेदन ले लिये हैं, संबंधित थाना क्षेत्र को भेज दिया जाएगा। आखिर इन पीड़ितो को थाने से न्याय मिल जाता तो, इन्हें पुलिस अधीक्षक के पास आने की क्या जरूरत थी? लेकिन एसपी के पास शिकायत न पहुंचे और पुलिस अधिकारियों की नाकामी उजागर न हो, यह वजह है कि पीड़ितो को पुलिस अधीक्षक से मिलने से रोका गया। आखिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ितो को न्याय दिलाने में कोताही बरती जा रही है तो फिर क्यों जनसुनवाई आयोजित की जा रही है या फिर यह कह सकते हैं कि यह जनसुनवाई महज




दिखावे के लिए आयोजित की जा रही है। ताकि सरकार के नजर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हो रही है। एकाध पीड़ितों को एसपी के सामने खड़ा कराकर फोटोग्राफी कर प्रचार-प्रसार के लिए वायरल की जाती है, लेकिन हकीकत तो तब सामने आती है जब एसपी के जनसुनवाई में पहुंच कर वहां की वस्तुस्थिति देखें।

### एसपी से महिला थाना प्रभारी नही मिलने दी

माड़ा थाना क्षेत्र के सिंगाही गांव की एक महिला के साथ बीते 14 अप्रैल को गांव का ही एक सरहंग घर में घुसकर जबरन छेड़खानी करने का प्रयास कर रहा था। महिला हल्ला-गुहार मचाई, तो घर वाले दौड़े। सरहंग परिजनों को देखकर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित महिला अपनी व्यथा लेकर महिला थाने में पहुंची। महिला को तीन दिन तक महिला थाना प्रभारी के द्वारा बुलाया गया, लेकिन मामले का निराकरण नही किया गया। महिला थाने से न्याय की उम्मीद नही मिली तो महिला एसपी के यहां बीते मंगलवार को पहुंच गई। एसपी के यहां जब महिला थाना प्रभारी पीड़िता को देखा तो नाराज हो गई। महिला से बोलने लगी तुम जाओं आवेदन मुझे दे दो। एसपी के यहां आवेदन पहुंच जाएगा। आखिर कार महिला को एसपी से नही मिलने दिया गया। ऐसे में आखिर न्याय की उम्मीद किस पर करें।

### साहब व्यस्त हैं, आवेदन यही जमा कर दो

कुछ ऐसा ही एक मामला बरगवां थाना क्षेत्र के तलवा गांव से एक महिला लेकर आई थी। महिला एसआई पर पॉच हजार रूपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने कहा कि पैसा भी एसआई ने ले लिया और रपट भी नही लिख रहा है।

पीड़िता जब एसपी से मिलना चाही तो पुलिस अधिकारियों ने यह कह कर रोक दिया कि अभी साहब व्यस्त हैं। आवेदन यही जमा कर दो। इसके बाद महिला को लौटा दिया गया। मीडिया कर्मियों के हस्तक्षेप के बाद पीड़िता एसपी से मिल पाई। महिला छेड़खानी की शिकायत करने पहुंची थी। सवाल यह है कि जब थाना से पीड़ितो को न्याय नही मिलता और भटकाने का प्रयास किया जाता, आरोपी और फरियादियों से दोनों पक्ष से लेन-देन की बात कही जाती है, जिसका वजन ज्यादा रहता है उसका पैरोकार पुलिस करती है। यही वजह है कि पीड़ित न्याय की उम्मीद लेकर एसपी तक पहुंचते हैं। लेकिन इन अधिकारियों की वजह से मिल नही पाते हैं।

# घोघरा में बीच सड़क पर भिड़े दो कोयला ट्रेलर

## कई घंटे यातायात रहा बाधित



**सिंगरौली।** नगर परिषद सरई के मुख्य मार्ग घोघरा के पास आज दिन बुधवार को सुबह 4 बजे करीब दो कोयला ट्रेलर वाहन आमने सामने भिड़ गए। इन ट्रकों के भिड़ने के बाद सड़क पर जाम लगना शुरू हुआ। यह जाम कुछ ही देर में कई किलोमीटर लंबा दोनों तरफ से जाम लग गया। इस दौरान कामकाजी लोगों के लिए यह जाम बड़ी मुसीबत बन गया कड़ी मशक्कत के बाद करीब सुबह 10 बजे जाम खुल पाया।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह 4 बजे घोघरा के पास तेज रफ्तार से आमने-सामने से निकल रहे दो कोयला वाहन आपस में बीच सड़क में क्रॉसिंग के दौरान टकरा गए। इससे दोनों कोयला वाहन भी सड़क पर ही खड़े हो गए। जिससे मुख्य सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। वहीं मुख्य सड़क बाधित होने से यातायात भी ठप्प हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर आधा सैकड़ा से अधिक ट्रकों की लंबी लाइन लगी थी। घोघरा की सड़क जो सकरी है, जिसकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुबह हुई इस घटना की जानकारी सरई पुलिस को लगी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रेलरों को सड़क से हटवाया तब कहीं जाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू हुआ।

# मां पिपरा झांपी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 29 से



**सिंगरौली।** मां पिपरा झांपी मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा और यज्ञ का आयोजन आगामी 29 में से प्रारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन 7 जून तक चलेगा। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जय मां झापी भगवती रामदीन सेवा समिति पिपरा झांपी के द्वारा किया जा रहा है। नगर पालिका निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद राम गोपाल पाल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मॉ भगवती पिपरा झांपी मंदिर पर श्रीमद् भागवत महापुराण एवं यज्ञ का आयोजन 29 में से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो रहा है। साथ ही कथा आरंभ 30 मई एवं हवन तथा पूर्णाहुति 6 जून को किया जाएगा। वही विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन 6 जून दिन शनिवार को किया जाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण एवं यज्ञ की कथा वाचक शास्त्रीय संध्या किशोरी एटा उ.प्र. के द्वारा किया जाएगा। पार्षद रामगोपाल पाल ने सिंगरौली वासियों से अपील की है कि इस श्रीमद् भागवत महापुराण एवं यज्ञ के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। ताकि यह आयोजन सफल हो सके।

# पार्षद के अगुवाई में ढोटी तालाब की हुई साफ -सफाई

**सिंगरौली।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में स्थित जल संरचनाओ की साफ -सफाई जन प्रतिनिधियों एवं आम लोगो के सामूहिक भागीदारी से की जा रही है। इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी मेन रोड पर स्थित ढोटी तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज वार्ड पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली अनिल बैस के अगुवाई में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ -सफाई अभियान चलाया जाकर तालाब की साफ -सफाई की गई। साथ वार्ड पार्षद के द्वारा सफाई के पश्चात स्वच्छता शपथ दिलवाई गई।

# सीधी-सिंगरौली एनएच सड़क के बरगवां-गोरबी में बने जानलेवा गड्ढे

## जून में 90 फीसदी निर्माण कार्य को करना था पूरा, निर्माण एजेंसी ने खड़े किये हाथ, हटाई मशीने, काम बंद

**सिंगरौली।** सीधी-सिंगरौली एनएच सड़क मार्ग की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। बार-बार निर्माण में लगी कंपनी हाथ खड़े कर मशीन लेकर वापस चली जाती है। कुछ तो मजबूरी होगी, शायद इसीलिए जनप्रतिनिधि भी इस मार्ग को लेकर कुछ बोलने से कतराते हैं।



बीते वर्ष दिसंबर में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण कर आश्वासन दिया था कि 90 प्रतिशत सड़क का निर्माण जून माह तक कर लिया जाएगा। इसके लिए वह हर माह के अंतिम सप्ताह में सड़क का निरीक्षण करने आने वाले थे। लेकिन स्थिति देखकर उन्होंने भी नहीं आना मुनासिब समझा। जिस सुस्ती से यहां कार्य हो रहा शायद ही दुनिया में कहीं और हुआ होगा। लेकिन इससे जिला प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता दिख रहा। शायद इसीलिए इस मार्ग पर हो रहे जानलेवा गड्ढों की मरम्मत करनी भी प्रशासन जरूरी नहीं समझता। आलम यह है की अकेले सिंगरौली-बरगवां मार्ग पर कई जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। गोरबी-बरगवां मार्ग पर कसर के समीप एवं ग्राम नौढ़िया में निर्माणाधीन पुल के समीप गड्ढे इतनी खतरनाक स्थिति पर पहुंच गए हैं की कभी भी कोई हादसा घट सकता है। बीते दिन मंगलवार को नौढ़िया के इसी गड्ढे में एक यात्री बस भी फस गई थी। जिस कारण यात्रियों को मजबूरन उतारकर दूसरे वाहन से जाना पड़ा। वहीं सिंगरौली-गोरबी मार्ग के बीच परेवा नाला पर खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित रहती है। इस चढ़ाई पर कोयला लदे वाहन अक्सर खराब हो जाते हैं। जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। कुछ ऐसा ही हाल सिंगरौली-औड़ी मार्ग पर चटका का है, जहां शमशान घाट के पास की सड़क दयनीय स्थिति पर है। इस मार्ग पर निर्मित पुल को खोला नही जा सका, जिस कारण वाहनों को टूटे सड़क से जाने को मजबूर होना पड़ता है। बीते वर्षों में भी खस्ताहाल सड़क को देख प्रशासन द्वारा गिट्टी और मुरूम डलवाकर चलने योग सड़क बनाने का प्रयास किया जाता रहा है, पर इस बार ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा। जिससे लोगों में आक्रोश है। अगर इन मार्गों को समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है।

# प्रभारी मंत्री से शिकायत के बाद भी बंदूकबाज और गालीबाज पर नहीं दर्ज हुआ मामला

## कलेक्टर, एसपी और चौकी प्रभारी से कर चुकी शिकायत, पीड़िता बोली न्याय नहीं मिला तो करूंगी आत्महत्या

सिंगरौली। देशभक्ति और जन सेवा का दावा करने वाली पुलिस और जनता को जनार्दन बनाने वाले जनप्रतिनिधियों से पीड़ितों का भरोसा उठने लगा है। पीड़िता ने कहा कि प्रभारी मंत्री संपतियां उईके, कलेक्टर और एसपी मनीष खत्री से शिकायत के बाद भी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता ने आरोप लगाया है की पार्षद गाली-गलौज कर रहा है और बंदूकबाज जान से मारने की धमकी दे रहा है। बता दें कि नपानि सिंगरौली की कंचन सिंह पति विनीत सिंह बघेल वार्ड नम्बर 18 गर्दा गोलाई बस्ती जयंत ने वार्ड पार्षद पर आरोप लगाते हुये कहा है कि जबरन बाड़ी तोड़कर सड़क बनाई जा रही है। पीड़ित महिला ने कहा कि लगातार धमकी भी मिल रही है। सिंगरौली प्रवास पर आई पालक मंत्री संपतिया उईके सहित जिले के सभी जिम्मेदारों से भी मुलाकात कर शिकायती पत्र दे चुकी है। लेकिन अभी तक पीड़ित महिला को न्याय नही मिल पाया है। पीड़िता ने कहा कि मेरे पति बाहर नौकरी करते हैं। मैं घर में अपने पुत्र के साथ रहती हूॅं। मेरा पड़ोसी राजकुमार जायसवाल के द्वारा जब मैं घर के बाहर बैठती थी तो वह मेरा वीडियों बनाता था। जिसकी शिकायत मैंने 181 पर की थी और मैंने अपनी शिकायत नही कटवाई। वार्ड पार्षद के द्वारा मुझे अपनी शिकायत कटवाने के लिए कहा गया था, लेकिन जब मैंने सीएम हेल्पलाईन से अपनी शिकायत नही कटवाई तो पार्षद के द्वारा मेरे घर के बाड़ी को तोड़कर जबरन वहां पर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

# देवसर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय जलसा की तैयारी शुरू

**सिंगरौली।** हर साल की तरह इस साल भी उर्से खलीकी देवसर में अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया जाएगा। उर्से खलीकी की तैयारियां चल रही है। इस साल 26वां उर्से खलिकी देवसर में आयोजित होगा। उर्से खलीकी 1, 2, 3 जून को मनाया जाता है। उर्स के साथ-साथ मदरसे का एनुअल फंशन भी होता है। प्रोग्राम एक 1जून से शुरू होता है, फातिहा शरीफ होती है और 2 जून को नात शरीफ और तकरीर का प्रोग्राम रखा जाता है । राष्ट्रीय वक्ता सज्जादानशी हजरत सैयद आदिल रजा कादरी साहब ने बताया कि तीन दिवसीय जलसे को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं। मदरसा दारुल उलूम सुलेमानिया रजबिया का सालाना एनुअल फंशन भी रहता है । साथ में तीन दिन मेले का भी आयोजन किया जाता है। उर्से खलिकी में हजरत सैयद खलिके मिल्लत के चाहने वाले भारत के कोने-कोने से लोग आते हैं और बहुत ही मोहब्बत उर्से खलीकी मनाते हैं। अन्जुमन कमेटी कैशियर हदीश खान, उपाध्यक्ष अब्दुल शहीद सिद्दीकी मुन्ना, शकील अहमद सिद्दीकी, मकसूद रजा, अलीम बेग सहित अन्य ने अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में शरीक हो।

# एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का दौरा

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली-शक्तिनगर में बीते 20 मई को एनटीपीसी महारत्न कंपनी के एन श्रीनिवास राव क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने अपना एक दिवसीय दौरा किया। जिसमें विजया राव अध्यक्षा भी मौजूद रही।




इस संदर्भ में एन श्रीनिवास राव ने एनटीपीसी ने हर वर्ष आयोजित होने वाले बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला के ग्रीष्मकालीन का उद्घाटन किया। तत्पश्चात एनटीपीसी सिंगरौली के उच्चाधिकारियों के साथ प्लांट एरिया का भी दौरा किया। जिसके पश्चात् एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें परियोजना के सभी विभाग के प्रमुख द्वारा प्रगति कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। यहीं दूसरी तरफ विजया राव ने स्थानीय वनिता समाज संचालित बाल भवन में लाइब्रेरी का उद्घाटन कर एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीण युवतियों को ऑर्गेनिक साबुन व मोमबत्ती के निर्माण, पैकेजिंग एवं वितरण के एक हफ्ते के प्रशिक्षण सत्र का प्रमाण पत्र भेंट किया।

# कांग्रेस पार्टी में ही मचा है आपसी द्वंद्व, एक नेता ने दिखाया आईना

## 5 साल बेमिसाल पर कसा तंज, दी नसीहत

**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली में आपसी गुटबाजी फिर से दिखने लगी है। म.प्र. कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवाल ने अपने ही पार्टी के नेताओं पर तंज करते हुए आईना दिखाया है। सोशल मीडिया में खुलकर नेताओं के बारे में लिखना शुरू कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राम शिरोमणि शाहवाल ने सोशल मीडिया में एक के बाद एक पोस्ट लिखकर वायरल कर रहे हैं, उन्होंने पार्टी के नेता का बगैर नाम लिखे सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव पहले से अधिक वोटो से हार गए, नैतिकता को जीवित रखने के लिए सिंगरौली कांग्रेस को चिंतन शिविर



भी लगाना चाहिए। इसके अलावा अन्य कई पोस्ट सोशल मीडिया में लिखकर वायरल करते हुए पार्टी के नेताओं को जहां नसीहत भी दिया है। साथ ही आईना भी दिखाया है। यहां बताते चले की शहर कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यकाल 5 साल पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर किया था। इसी बात को लेकर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता राम शिरोमणि शहवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं आईना दिखाया है। हालांकि की कांग्रेस उक्त नेता का पहला पोस्ट नहीं है तो आए दिन कांग्रेस पार्टी को नसीहत देते हुए आईना दिखाते रहते हैं। अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व इनके बातों को कितना गंभीरता से लेते हैं। यह तो आने वाला ही वक्त बताएगा। लेकिन इनका पोस्टर इन दोनों जहां चर्चाओं में है। वही कई कांग्रेसी नेता इनके बातों को समर्थन भी कर रहे हैं। इस पोस्ट के बाद कांग्रेस पार्टी में साफ तौर पर दिख रहा है कि आपसी गुटबाजी चरम पर है। दो दशक से कांग्रेस लगातार हार रही है। लोकसभा, विधानसभा, महापौर, स्पीकर और पार्षद सभी चुनाव पहले से अधिक वोटो से हार गये हैं।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम सिंगरौली प्रदेश में दूसरा स्थान

## ननि आयुक्त ने अधिकारियों को दिया धन्यवाद

**सिंगरौली।** नगर निगम वार ग्रेडिंग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ऊर्जाधानी ने कमाल कर दिया है। नगर निगम संतुष्टि पूर्ण शिकायत निराकरण में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसका श्रेय ननि आयुक्त को जाता है। नगर निगम महकमे ने शिकायतकर्ताओं को सबसे अधिक संतुष्टि प्रदान किया है। शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा के बाद दूसरे पायदान पर सिंगरौली जिला हैं।

प्रदेश स्तर से जारी रिपोर्ट में सिंगरौली नगर निगम को दूसरे स्थान पर रखा गया है। अप्रैल माह में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के 95.32 अंको के साथ सिंगरौली नगर निगम को प्रदेश में यह स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि छिंदवाड़ा को 97.54 अंको के साथ पहले स्थान व




नगर निगम सागर को 94.73 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर से संभाग के रीवा 83.88 अंक और सतना जिले को 88.8 अंक मिले हैं। प्रदेश के 16 नगर निगमों की सूची में सतना 10 वें और रीवा सबसे पीछे 15 स्थान पर है।

### आयुक्त ने अधिकारियों को दिया धन्यवाद

प्रदेश स्तर पर अप्रैल का परिणाम जारी होने के बाद निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक बुलाई। जहां सीएम हेल्पलाइन में त्वरित निराकरण करने वाले अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उसके बाद अधिकारियों को सचेत किया कि शिकायतों के निराकरण में यह स्थिति आने वाले महीनों में भी बनी रहनी चाहिए। सीएम हेल्प लाइन में पेयजल समस्या से जुड़े प्रकरणों, का पहले लेवल पर समय सीमा में निराकरण किया जाए। उसके अलावा जो भी शिकायतें हो संतुष्टि पूर्ण तरीके से उसका निराकरण करें। यदि प्रकरण दूसरे लेवल पर जाता है तो प्रथम लेवल के अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम अधिकारियों के प्रयास से प्रदेश में पहुंचे दूसरे स्थान पर

शिकायतों के निराकरण व संतुष्टि स्तर पर नगर निगम ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। सीएम हेल्पलाइन में कई तरह की शिकायतों का संतुष्टि के बाद निराकरण करने में वेटेज स्कोर में 56.27 प्रतिशत अंक के साथ ए ग्रेड मिला। जबकि 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज महज 9.07 रहा। वहीं निम्नगुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 रहा। नगर निगम में 418 शिकायतें दर्ज की गई थी।

# जमोड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा दिनांक 21.05.2025 को ग्राम पंचायत जमोड़ी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि आज के बदलते दौर में महिलाओं की भूमिका सिर्फ घर तक सीमित नहीं रही वे शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, रक्षा, उद्यमिता और हर क्षेत्र में नई उंचाइयों को छू रही है। सरकार एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और अवसर देने की दिशा में अनेक पहल की जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम, भरण-पोषण एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीण वासियों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई।

उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, सचिव ग्राम पंचायत जमोड़ी श्री विनोद सिंह सेंगर, पैरालीगल वालेंटियर्स श्रीमती आशा शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

## शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जनजातीय वर्ग (एसटी) की बालिकाओं के सफल नामांकन दर बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी (विशिष्ट आवासीय विद्यालय) में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों को शत-प्रतिशत भरा जाना है। कक्षा 6वीं में प्रवेश एम.पी. सरस भोपाल से प्राप्त सूची के अनुसार 70 रिक्त सीटों को भरा जाना है तथा अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों को स्थानीय स्तर से भरा जाना है।

उन्होंने बताया कि कक्षा 07वीं के लिए 25, कक्षा 08वीं में 30, कक्षा 09वीं में 30 एवं कक्षा 11वीं में 20 रिक्त सीट है। आवेदन अंतिम तिथि दिनांक 15 जून 2025 तक कार्यालय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी (अमरवाह) में समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक लिया जायेगा।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में सफलता के मंत्र कार्यक्रम का सीधा प्रसारण




**सीधी।** आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशों के अनुपालन एवं शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली की प्राचार्य डॉ गीता भारती के मार्गदर्शन में सफलता के मंत्र कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रदेश के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन करें। राजा विक्रमादित्य एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सुशासन एवं न्यायप्रियता को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयनित सभी प्रतिभाशाली युवा उसी परंपरा के वाहक है। कार्यक्रम में उपस्थित उच्च शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने सिविल सेवा में चयनित प्रदेश के विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आपकी प्रशासनिक दक्षता, नवाचारी सोच, नेशन फर्स्ट के संकल्प का सम्पूर्ण लाभ विकसित मध्य प्रदेश को मिलेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## हाथी ने ले ली तीन वनवासियों की जान, मचा कोहराम

### वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने एक हाथी को पकड़ा

**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व के बफर जोन वन परिक्षेत्र पोंड़ी अंतर्गत बूढ़नडोल कैंप के पास दिन के लगभग 2.00 बजे वन विभाग की रेस्क्यू टीम को बड़ी सफलता मिली है जहां 9 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद एक हाथी को पकड़ने में कामयाबी मिली है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन दिनों से वन परिक्षेत्र पोंड़ी अंतर्गत जंगली हाथियों का जोड़ा डेरा जमाए हुए हैं जो रात में गांव की ओर रुख करते हैं और कई घरों को अपना निशाना बना चुके हैं जिसको लेकर वन विभाग द्वारा रेस्क्यू अभियान जारी किया गया जिसमें लगभग 100 स्टॉप एवं 20 वाहनों एवं पांच पालतू हाथियों की मदद से जिसमें दो संजय टाइगर रिजर्व की एवं तीन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की हाथी हैं। संजय टाइगर रिजर्व एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। जिसमें एक हाथी को पकड़ने में कामयाबी मिली है। बताते चलें कि जिन हाथियों के लिए रेस्क्यू किया गया है उनमें दो हाथियों का समूह था जो अभी शहडोल जिले में तांडव मचाई थी जिसमें तीन लोगों की जान जा चुकी है उनमें एक को पकड़ कर बांधवगढ़ भेज दिया गया है जबकि दूसरी पर विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

### अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**सीधी।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीधी।** कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव के व्यक्तित्व कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने राजीव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी अग्रणी भूमिका रही है। राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपने नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदान कर दिशा दी। उनके निर्णयों ने भारत को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया। उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से महिला प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, प्रवक्ता पंकज सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिलीप सितानी, ओंकार सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, राजबहोर जायसवाल, अरविंद तिवारी, कृतिम सिंह, रेखा सिंह, पुष्पा सिंह, तारा सिंह, दिनेश, सानेंद्र सिंह, शिवम सिंह, विक्रमादित्य सिंह, दयाशंकर वर्मा, गोविंद प्रसाद गुप्ता, राहुल शुक्ला, ऋषभ सिंह, पुनीत सिंह, रमेश सेन, सुनील सिंह, विकास साहू, प्रमोद सिंह, राहुल सिंह, करुण सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आई टी आई चले अभियान, वर्ष 2025 में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

### 31 मई तक विद्यार्थी कर सकते है पंजीयन

**सीधी।** ह्यकौशल विकास विभाग द्वारा शासकीय आई.टी.आई. में प्रवेश दर में वृद्धि एवं कुशल मानव संसाधन तैयार करने हेतु प्रवेश वर्ष 2025 में आई.टी.आई. चले अभियान चलया जा रहा है। प्रवेश हेतु म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है। पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने समस्त प्रमाण पत्र अपने साथ रखें तथा प्रमाण पत्र के अनुसार ही विवरण भरें। आवेदक अपना नाम, माता/पिता का नाम, जन्म तिथि अपने 10 वीं की अंकसूची से मिलान करके ही दर्ज करें। एक मोबाइल नंबर या ई-मेल से एक बार ही रजिस्ट्रेशन होगा। पंजीकरण पूरा करने के बाद अपना पंजीकरण संख्या नोट कर लें तथा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। अपनी श्रेणी तथा उप श्रेणी का चयन अपने प्रमाणपत्र के अनुसार ही करें।

पंजीकरण पेज पर ''ट्रेड सिलेक्शन क्लास'' का चयन ध्यानपूर्वक करें। अगर आप ''8वीं के आधार पर'' विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 8वीं कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे। अगर आप ''10वीं के आधार पर'' विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 10 वी कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे। अगर आप ''8वीं और 10वीं दोनों के आधार पर'' विकल्प का चयन करते हैं तो आप 8वीं और 10वीं दोनों कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन करें। विद्यार्थी आई टी आई में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित हो इसके लिये जिला शिक्षा जिला सीधी ने सभी प्राचार्यो को इस प्रक्रिया की जानकारी का अधिक से अधिक विद्यार्थियों के मध्य देने हेतु निर्देशित किया है।

## दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया मे अधिकतम सहभागिता के लिए विधानसभा स्तरीय निगरानी कमेटी गठित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीधी जिले के लिए विधानसभा स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया मे अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर सुलभ चुनाव संपादित करने के लिए विधानसभा स्तरीय निगरानी कमेटी (एसीसीएई) का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार कमेटी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील गोपद बनास अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी उपाध्यक्ष होगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), जिला टीकाकरण अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी गोपद बनास कमेटी में सदस्य होंगे।

# गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

**सीधी।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है। बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है।

# कागजों में सेवा दे रहे उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ सीएचओ

### ग्रामीणों की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे

**सीधी।** एक तरफ जहां ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों में सी एच ओ पदस्थ किए गए हैं लेकिन वह अपनी सेवा महज कागजों में दे रहे हैं केंद्रों में उनके दर्शन नहीं हो रहे हैं ऐसे में ग्रामीणों की स्वास्थ्य व्यवस्था कल भी भगवान भरोसे थी और आज भी भगवान भरोसे ही चल रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग से जानकारी दी जाती है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में सी एचओ पदस्थ किए गए हैं जिन्हें प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक केंद्र में उपलब्ध रहना है और ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है लेकिन कई उप स्वास्थ्य केंद्रों में आज तक ग्रामीणों को सी एचओ के दर्शन नहीं हुए हैं ऐसे में सवाल उठता है कि वह अपनी सेवा कहां दे रहे हैं और उनका वेतन किस आधार पर दिया जा रहा है क्योंकि उनका मुख्य काम उप स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देना है अगर ऐसा नहीं है तो यही माना जाता है कि फर्जी तरीके से विभाग को जानकारी भेज कर कोरम पूर्ति की जाती है और उनका वेतन भुगतान कर दिया जाता है जबकि जिस उद्देश्य के लिए उन्हें पदस्थ किया गया है उसकी पूर्ति दूर-दूर से तक नहीं हो रही है।

कुछ इसी तरह का मामला उप स्वास्थ्य केंद्र मेड़रा का देखा जा सकता है यहां ग्रामीणों के मुताबिक सी एचओ के कभी दर्शन नहीं हुए हैं और ना ही उप स्वास्थ्य केंद्र कभी खुलता है। महीने में एक-दो दिन के लिए एएनएम एक-दो घंटे के लिए आती हैं तभी केंद्र खुलता है जबकि यहां सी एचओ की पदस्थापना लंबे समय से है। यह तो एक नमूना है बाकी इसी तरह के हालात कई उप स्वास्थ्य केंद्रों में देखे जा सकते हैं जैसे कि उप स्वास्थ्य केंद्र गंजरी,उप स्वास्थ्य केंद्र टिकरी,खचौरा, चमराडोल आदि। ग्रामीणों ने समाचार पत्र के माध्यम से उप स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था सुधार के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है।

### सीबीएमओ के संरक्षण में हो रहा सारा खेल

सूत्रों की माने तो सीबीएमओ खुद पूरा समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में नहीं दे रहे हैं जो अक्सर नदारत रहते हैं और उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ सी एच ओ लोगों से नजराना लेकर उन्हें पूरा संरक्षण दे रहे हैं जिससे वह भी अपने कार्य स्थल से नदारत रहते हैं जबकि ना तो इन्हे ऑफिस में देखा जाता हैं और ना ही फील्ड में।जबकि इनका काम ही सिर्फ उप स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देना है।

### इनका कहना हैं

*ग्राम पंचायत मेड़रा में उप स्वास्थ्य केंद्र में कोई सुविधा नहीं मिलती है कागजों में भले ही कर्मचारी पदस्थ हैं लेकिन केंद्र में कभी दर्शन नहीं होते हैं हरदम ताला बंद रहता है हम लोग कार्यवाही की मांग करते हैं ताकि व्यवस्था में सुधार हो।*

**कोदू लाल पाल एवं ग्रामीण ग्राम पंचायत मेड़रा**

*यह सही बात है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में सी एचओ बराबर सेवा नहीं दे पा रहे हैं क्योंकि उनके ऊपर अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी रहती है जैसे की ऑफिस में डाटा फीडिंग, फिल्ड वर्क उसे भी पूरा करना होता है रही बात मेड़रा की तो जानकारी लेकर व्यवस्था सुधार कराया जाएगा।*

**डॉ पीएल सागर**
**सीबीएमओ मझौली।**

# किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

**सीधी**

कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है।

इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा। साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुनरू लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर से चलने वाले कृषि यंत्रों को खरीद के समय किसान के पास उपयुक्त हार्सपावर का ट्रैक्टर होना आवश्यक है। पोर्टल में आवेदन करने के बाद आगे आएं लाभ उठाएं के आधार पर सूची के अनुसार किसानों को अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

## संपादकीय

# आप की दीवार दरकी

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी के गठन की घोषणा के बाद दिल्ली के राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। फिलहाल दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में आम आदमी पार्टी बहुस्तरीय मुश्किलों से घिरी दिखती है। इसके कुछ शीर्ष नेताओं पर मुकदमों और विधानसभा चुनावों में पराजय के बाद उसके लिए अपने कई नेताओं को संभालना चुनौती-सा बन गया है। ऐसे में पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी बनाने का असर आप की राजनीति पर पड़ना तय माना जा रहा है। आप से इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने दिल्ली की जनता के लिए काम करने में बाधा को अपने फैसले का कारण बताया है। देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी पार्टी के भीतर कार्य और नीतियों को लेकर मतभेद पैदा होना और किसी नेता का नया पक्ष चुनना एक सामान्य बात है, लेकिन यह भी सच है कि मुश्किल दौर से गुजर रही अपनी पार्टी का दामन छोड़ कर सुविधा का ठौर चुनना एक चलन बन गया है। आम आदमी पार्टी का उदय इस दावे के साथ हुआ था कि वह देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का वाहक बनेगी। शुरुआती कुछ समय तक ऐसा लगा भी, जब दिल्ली के लोगों ने यह महसूस किया कि इस पार्टी की सरकार की कामकाज की शैली अलग है और वह अपने वादों को लेकर संजीदा है। मगर कुछ समय बाद देखा गया कि पार्टी उन्हीं अंतर्विरोधों से घिर गई है, जिनके खिलाफ उसने नई राजनीति शुरू करने का भरोसा दिया था। इसी के कारण पिछले विधानसभा चुनाव में उसे हार मिली। हालांकि इससे पहले पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में अच्छी जीत हासिल की थी। मगर उसके कुछ प्रमुख नेता मुकदमों में फंसे दिख रहे हैं, उसका स्पष्ट असर चुनावी राजनीति में उसकी मौजूदगी पर पड़ा। जाहिर है, दिल्ली की राजनीति में फिलहाल उसके सितारे गर्दिश में दिख रहे हैं। ऐसे में अगर अब तक आम आदमी पार्टी की राजनीति में सक्रिय रहे और उसी के जरिए अपना एक कद बनाने वाले लोग साथ छोड़ रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से पार्टी के लिए एक गंभीर चुनौती का वक्त है।

**जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।**

# आतंक को हर हाल में करना होगा परास्त

**(योगेश कुमार गोयल)**

बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी



संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है।

घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति 'आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है।

बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी 'अंतिम परछाई' को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हममें से हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले ने पाकिस्तान को बेचैन कर दिया है। वह अब इस संधि के निलंबन से होने वाले नुकसान का आकलन कर रहा है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान अपने आका चीन के साथ मिलकर इस मुद्दे पर भारत को घेरने की रणनीति भी बना रहा है। हालांकि, उसे पता है कि अगर भारत नहीं माना और अपने रणबीर नहर परियोजना का विस्तार करता रहा तो इससे पाकिस्तान को भारी नुकसान होना तय है।**

# जिन्ना का कंगाल पाकिस्तान भारत के रनबीर नहर से सूख जाएगा पाकिस्तान

**(प्रियेश मिश्र)**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले से पाकिस्तान परेशान है। पाकिस्तान इस संधि के निलंबन से होने वाले नुकसान का आकलन कर रहा है। वह चीन के साथ मिलकर भारत को घेरने की रणनीति बना रहा है। रणबीर नहर परियोजना का विस्तार होने से पाकिस्तान को भारी नुकसान हो सकता है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले ने पाकिस्तान को बेचैन कर दिया है। वह अब इस संधि के निलंबन से होने वाले नुकसान का आकलन कर रहा है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान अपने आका चीन के साथ मिलकर इस मुद्दे पर भारत को घेरने की रणनीति भी बना रहा है। हालांकि, उसे पता है कि अगर भारत नहीं माना और अपने रणबीर नहर परियोजना का विस्तार करता रहा तो इससे पाकिस्तान को भारी नुकसान होना तय है। एक अनुमान के मुताबिक, इस नहर परियोना से पाकिस्तान को 10 अरब डॉलर का झटका लग सकता है, जो उसकी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ देगा।

**रणबीर नहर का पाकिस्तान पर असर जानें -** जियो न्यूज से बात करते हुए पाकिस्तान के जल विशेषज्ञ इंजीनियर अरशद एच अब्बासी ने कहा कि भारत द्वारा रणबीर नहर में प्रस्तावित विस्तार से पाकिस्तान को चेनाब से मिलने वाली पानी की आपूर्ति में लगभग 20त्न की कमी आएगी। अब्बासी जल विशेषज्ञ हैं, जो जल मुद्दों पर भारत के साथ ट्रैक-द्वद्व कूटनीति का हिस्सा रहे हैं। मात्रात्मक शब्दों में, इसका अर्थ है कि सालाना पांच मिलियन एकड़ फीट (रूस्न) से अधिक पानी की हानि होगी - वैश्विक बाजार में इस पानी की अनुमानित कीमत 10 बिलियन डॉलर है। यह देश के कृषि प्रधान राज्य पंजाब के लिए एक विनाशकारी झटका होगा।



**रणबीर नहर की लंबाई दोगुना करेगा भारत -** एक रिपोर्ट में दावा गया था कि भारत चेनाब नदी पर रणबीर नहर के विस्तार के माध्यम से पाकिस्तान की जल आपूर्ति में कटौती करने पर विचार कर रहा है। इस परियोजना की योजना इसकी लंबाई 60 किलोमीटर से बढ़ाकर 120 किलोमीटर करने की है। इस पर अब्बासी का कहना है कि चेनाब नदी में औसत प्रवाह लगभग 28,000 क्यूसेक है। जबकि भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) से पहले की 19वीं सदी की सिंचाई चैनल रणबीर नहर का लंबे समय से उपयोग किया है, प्रस्तावित परियोजना विस्तार सिंधु जल संधि के अनुपालन के बारे में सवाल उठाता है। आईडब्ल्यूटी का अनुलग्नक सी स्पष्ट रूप से चिनाब जैसी पश्चिमी नदियों से भारत के कृषि उपयोग को नियंत्रित करता है, निकासी पर सख्त सीमाएं निर्धारित करता है।

**सिंधु जल संधि टूटने से पाकिस्तान को झटका -** सिंधु जल संधि में परिभाषित सटीक मात्राओं का पालन करते हुए चिनाब से पानी निकालने का सवाल केवल पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय और सिंधु जल आयुक्त को ही पता है। व्यावहारिक प्रवर्तन और निगरानी अस्पष्टता से भरी हुई है। संधि के अनुच्छेद वीआई के तहत, भारत और पाकिस्तान दोनों को नियमित रूप से नदी और नहर के आंकड़ों का आदान-प्रदान करने की बाध्यता है। डेटा आमतौर पर भारत द्वारा हार्ड कॉपी प्रारूप में, या तो फैक्स या डाक सेवाओं के माध्यम से प्रदान किया जाता है, जिससे इसकी सटीकता और पारदर्शिता के बारे में गंभीर सवाल उठते हैं। संधि के तहत पाकिस्तान को झेलम, सिंधु और चिनाब नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों का सालाना दो या तीन बार निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी।

## वर्ग पहेली 5738

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | 22 | |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. मजदूर दिवस इस महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
3. पुराणानुसार एक प्रकार का सत्त जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वो ने दुहा था (2)
6. नहाने की क्रिया, स्नान (3)
8. भय, खौफ, भीत (2)
9. पिता, पैदा करने वाला (3)
10. श्राद्धपक्ष, पितृपक्ष (4)
12. गुलामी, दास का कार्य (3)
13. वाक्य, का अपभ्रंश, शब्द, वाणी (2)
14. एक देवर्षि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए (3)
15. सामने, उपस्थित, गोचर (3)
17. तल रहित, बिना पेंदे का (3)
19. शास्त्रीय संगीत में ताल का एक प्रकार (4)
21. साधारण, सामान्य (3)
23. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया पदार्थ, टेलीग्राम (2)
24. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. केवल, निरा, मात्रा, सिर्फ (3)
2. विश्वनीय, सच्चा (5)
3. नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी जिसे नेपाल में नारायणी और सत्यगंडकी कहा जाता है (3)
4. पकड़ना, थामना (3)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
7. अभिप्राय, मतलब (4)
11. झरोखा, खिड़की (3)
14. कोमलता, नरमी (4)
15. पदार्थ का मूल तत्वा, सच्चाई, यथार्थता (2)
16. अधिक मास, पुरूषोत्तम मास (4)
17. पब्लिक, जनता (3)
18. बोझा ढोकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5737 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | जीं |
| मा | ल | वा | ■ | स्त | ■ | ता | ■ |
| च | ■ | स | र | क | ना | ■ | प |
| र | वि | ■ | ह | ■ | र | स | द |
| ण | ■ | इ | म | दा | द | ■ | क |
| शु | भा | ■ | ■ | स | पु | त्र | ■ |
| वल | ब | ■ | हु | ■ | ग | य | ता |
| ■ | रा | ह | त | ■ | ण | ■ | ज |

# बराबरी की शर्त

**(प्रणव प्रियदर्शी)**

डेटिंग ऐप्स के दौर ने जहां शहरों की पढ़ी-लिखी और कामकाजी लड़कियों को मुक्त जिंदगी की एक झलक दिखलाई है, वहीं शादी, परिवार और रिश्तों को लेकर उनमें उभरते नए नजरिए को भी रेखांकित किया है। इन ऐप्स का दुरुपयोग और इनकी आड़ में बढ़ता अपराध भी एक अहम पहलू है। मगर फिलहाल अपराध को अलग कर दें तो भी समाज में इस वजह से प्यार, रोमांस और शादी की पारंपरिक अवधारणाओं में भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां व्यक्तिगत स्तर पर इससे धोखा, विश्वासघात से भरे और प्रतिबद्धता से रहित रिश्ते बनते हैं जो मन पर गहरे घाव छोड़ जाते हैं और जिनसे उबरना जिंदगी में आगे एक बड़ी चुनौती बनी रहती है, वहीं सामाजिक स्तर पर इससे शादी और परिवार जैसी संस्थाओं के भविष्य पर खतरा दिखने लगा है।

***ऐप्स का दुरुपयोग और इनकी आड़ में बढ़ता अपराध भी एक अहम पहलू है। मगर फिलहाल अपराध को अलग कर दें तो भी समाज में इस वजह से प्यार, रोमांस और शादी की पारंपरिक अवधारणाओं में भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं।***

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि डेटिंग ऐप्स के सहारे प्यार और रोमांस ढूंढने वाली आज की लड़कियां क्या वाकई शादी नहीं करना चाहतीं और सिंगल वुमन के रूप में जिंदगी गुजारना चाहती हैं? यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज में सोशियॉलजी की प्रफेसर पारुल भंडारी ने इस पर काफी काम किया है। इस बारे में उनकी एक किताब 'डिसेंट ऑफ लवः एंबिग्युटी, ऐफेक्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन साउथ एशिया' भी हाल में आई है।

उनका कहना है कि आम धारणा के विपरीत शादी की जल्दबाजी में नहीं दिखने वाली मिलेनियल्स (जिनका जन्म 1980 से 2000 के बीच हुआ) लड़कियां शादी को लेकर उदासीन नहीं होतीं। वे, दरअसल अलग तरह का रिश्ता चाह रही होती हैं। वे अपने मां-बाप की शादीशुदा जिंदगी जैसा जीवन अपने लिए नहीं चाहतीं। ज्यादा बराबरी वाला, ज्यादा सम्मानपूर्ण रिश्ता सुनिश्चित करने की उनकी इच्छा या कहिए संकल्प ही उन्हें शादी के बंधन में पड़ने की जल्दबाजी से रोके रहता है। उनकी इस इच्छा के औचित्य पर, जाहिर है, कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। अगर समाज उनकी यह इच्छा पूरी करने की स्थिति में नहीं है तो सवाल समाज पर जरूर उठते हैं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन करियर और वित्तीय दृष्टि से अत्यंत अनुकूल है। आपको कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे पदोन्नति के द्वार खुलेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य की सराहना करेंगे। जो लोग बिजनस में हैं, उन्हें किसी महत्वपूर्ण सौदे से लाभ होने की संभावना है। रुके हुए सरकारी या कानूनी कार्यों में भी सफलता मिलेगी।

### वृष

आज मेहनत का भरपूर फल मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उनके लिए कोई शुभ समाचार आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी और किसी महत्वपूर्ण परियोजना में आपकी भूमिका बढ़ सकती है। व्यापार में आज साझेदारी से अच्छा मुनाफा होगा।

### तुला

आज दिन आर्थिक रूप से बेहतर साबित हो सकता है, बशर्ते आप जोखिमों का आंकलन करें। कुछ पुराने निवेश लाभ दे सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी वरिष्ठ अधिकारी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आपका व्यवहारिक रवैया स्थिति को नियंत्रित करेगा।

### वृश्चिक

आज अपने कार्य और पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन बनाए रखना होगा। ऑफिस में किसी प्रॉजेक्ट में आपकी भूमिका अहम रहेगी, पर तनाव भी रहेगा। बिजनस में फंडिंग या कर्ज से संबंधित कोई निर्णय लेना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज दिन मिश्रित फलदायक है। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी और सहयोगियों से असहमति हो सकती है। बिजनस में अचानक कोई निर्णय लेने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है।

### कर्क

आज दिन आर्थिक तरक्की और करियर में उन्नति का संकेत दे रहा है। जॉब में कार्यभार बढ़ सकता है लेकिन आपके प्रदर्शन की तारीफ होगी। जो लोग विदेश से जुड़े व्यवसाय में हैं, उन्हें बड़ा लाभ हो सकता है।

### धनु

आज दिन रणनीतिक फैसलों के लिए श्रेष्ठ है। आपकी लीडरशिप क्षमता निखरकर सामने आएगी। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा या इंटरव्यू की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता मिलने के संकेत हैं। विशेषकर व्यापारियों को नए कॉन्ट्रैक्ट मिल सकते हैं।

### मकर

आज दिन व्यस्तता और जिम्मेदारियों से भरा होगा। कार्यस्थल पर आपकी योग्यता की परीक्षा हो सकती है। अतिरिक्त कार्यभार या किसी सहकर्मी की अनुपस्थिति के कारण आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। हालांकि इससे आपकी नेतृत्व क्षमता को सराहा जाएगा।

### सिंह

आज अपने कार्यस्थल पर सतर्क रहना होगा। आपके विरोधी सक्रिय हैं और आपकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। हालांकि दिन के अंत में मेहनत रंग लाएगी और कोई अप्रत्याशित लाभ संभव है। सरकारी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

### कन्या

आज दिन प्रगति का है। पुराने अधूरे काम पूरे होंगे और नए प्रॉजेक्ट्स के लिए प्रस्ताव आ सकते हैं। कला, लेखन, मीडिया या अकादमिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। फीलांसिंग या दूरस्थ कार्यों में धन की प्राप्ति के योग हैं।

### कुंभ

आज दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में बक्योंकि वे आपको बेवजह के कार्यों में उलझा सकते हैं। उच्चाधिकारियों से संवाद में पारदर्शिता रखें। बिजनस में कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है लेकिन भुगतान में देरी संभव है। यात्रा से लाभ हो सकता है। घरेलू खर्च बढ़ने के योग हैं, अतः बजट का ध्यान रखें।

### मीन

आज दिन करियर और आर्थिक रूप से उन्नतिदायक है। व्यापार में विस्तार की योजना आज मूर्त रूप ले सकती है। नौकरी में प्रमोशन या इनक्रीमेंट की संभावना बन रही है। रुका हुआ भुगतान मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

संक्षिप्त समाचार

## महाराष्ट्र में कोविडः स्वास्थ्य विभाग सतर्क

■ मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 10 के पार



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में कोविड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश की राजधानी मुंबई में ही मंगलवार को कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 15 बताई गई। स्वास्थ्य विभाग ने 20 मई को इसकी जानकारी दी साथ ही लोगों से अपील की कि वो किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं। इसके मुताबिक ऐहतियातन वर्तमान में महाराष्ट्र में कोविड के लिए आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) को लेकर सर्वे चल रहा है। टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए संक्रमितों का उपचार किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक फिलहाल मामले ज्यादा भयावह नहीं हैं, मरीजों में लक्षण बेहद सामान्य या हल्के हैं। इसके साथ ही जनता से अपील की गई है कि वो डरे नहीं, घबराएं नहीं। किसी भी तरह के लक्षण दिखें तो तुरंत पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के माध्यम से कोविड परीक्षण कराएं। उपचार की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जनवरी से अब तक कोरोनावायरस के लिए 6,066 स्वैब नमूनों की जांच की गई है, जिनमें से 106 मरीजों के नतीजे पॉजिटिव आए। इनमें से 101 मुंबई से और शेष 1 पुणे, 1 ठाणे और 3 कोल्हापुर से थे। मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 101 पाई गई। राज्य में 52 मरीज हल्के लक्षणों के कारण उपचार करा रहे हैं, जबकि 16 मरीज अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। वहीं, जनवरी से अब तक कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 2 रही है। दोनों ही को-मॉर्बिड केस थे। जिनमें से एक मरीज को हाइपोकैल्सीमिया दौरे के साथ नेफ्रोटिक सिंड्रोम था और दूसरे को कैंसर था। दिशानिर्देशों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है और मरीजों को 7 दिनों के बाद छुट्टी दे दी जाती है। मरीजों की संख्या में छिटपुट वृद्धि केवल महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों और कुछ अन्य देशों में भी देखी जा रही है। महाराष्ट्र में कोविड जीनोम सीक्वेंसिंग टेस्ट बी. जे. मेडिकल कॉलेज पुणे और एनआईवी पुणे में किया जाता है।

## कर्नाटक में दर्दनाक सड़क हादसा, 6 लोगों की मौके पर ही मौत

**विजयपुर , एजेंसी।** कर्नाटक में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगोली के पास एक कार और बस के बीच जोरदार टक्कर होने से यह हादसा हो गया। एसयूवी कार सोलापुर जा रही थी, इस दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई। एसयूवी में सवार पांच यात्री और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई थी। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। धमाके सी आवाज सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सड़क से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद वहां लोग जुटना शुरू हो गए। हाल के महीनों में कर्नाटक में सड़क हादसों में कई लोगों ने अपनी जान गंवानी पड़ी है। 8 मई को हावेरी जिले में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ था, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी थी। इसके अलावा, 4 जनवरी को कर्नाटक के गडग में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गडग जिले के हुलाकोटी गांव के पास हुआ था।


## पोस्टमार्टम के लिए मांगे 10 हजार

■ नहीं दिया शव वाहन, बच्चे की लाश बाइक से लेकर घर पहुंचा मजबूर पिता

**सरगुजा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा से दिल को झकझोर देने वाली वीडियो सामने आई है। यहाँ एक पिता अपने मासूम बच्चे की लाश बाइक से गोद में रखकर घर ले जाते दिखाई दिया, घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी, जिसे लोग खूब शेयर कर रहे हैं। वीडियो सामने आने पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस का भी रिएक्शन सामने आया है। दरअसल सरगुजा में रविवार को दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। जब परिजन पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचे तो कथित तौर पर डॉक्टरों ने उनसे पोस्टमार्टम के लिए 10-10 हजार रुपये मांगे। परिजनों को शव घर तक ले जाने के लिए शव वाहन भी नहीं दिया।

## अहमदाबाद नगर निगम की कार्रवाई

# अवैध अतिक्रमण को हटाकर 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली कराई



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में चंडोला तालाब के किनारे एक साथ गरजे करीब 50 बुलडोजरों ने एक ही दिन में करीब 8500 मकानों/ढांचों को पत्थर-पत्थर कर डाला। अब कुछ धार्मिक ढांचे ही बचे हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हें सम्मान के साथ हटाया जाएगा। अहमदाबाद नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण को हटाकर 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली कराई है।

अहमदाबाद के जॉइंट कमिश्नर (क्राइम ब्रान्च, सेक्टर 2) जयपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि कल चंडोला तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने का दूसरे चरण का काम शुरू हुआ था। जितना अतिक्रमण हटाना था, उसमें से 99.9 फीसदी ध्वस्तीकरण पूरा हो चुका है। 2.25 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली करा ली गई है। अब कुछ धार्मिक ढांचे ही बचे हैं जिन्हें सम्मान के साथ हटाया जाएगा। हमारी अपील है कि कोई अफवाह पर ध्यान न दें। नगर निगम की नीति के मुताबिक जिन्हें मकान मिलना है उनके फॉर्म लिए जा चुके हैं।

पहलगाम हमले के बाद अहमदाबाद में यहां बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गए थे। 29 और 30 अप्रैल को अहमदाबाद नगर निगम ने पहले चरण के बुलडोजर ऐक्शन में बड़ी संख्या में ढांचों को गिरा दिया था। 20 मई से शुरू हुए दूसरे चरण में नगर निगम की 50 टीमों को सात जोन में बांटकर काम पर लगाया गया था। 350 स्टाफ सदस्यों के साथ सुबह 7 बजे ही ध्वीस्तीकरण का काम शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। 50 से ज्यादा बुलडोजर/अर्थमूवर से अवैध ढांचों को मिट्टी में मिला दिया गया। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए 3000 पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया था।

### तालाब किनारे एक बेहद सघन बस्ती थी

जॉइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने मंगलवार को पीटीआई को बताया था कि पहले चरण में हमारा मुख्य लक्ष्य असामाजिक तत्व और अवैध बांग्लादेशी निवासी थे जो यहां रह रहे हैं। हमने अतिक्रमण विरोधी अभियान के पहले चरण से पूर्व यहां अवैध रूप से रह रहे 202 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। दूसरे चरण में हम शेष अवैध अतिक्रमण को हटा देंगे। जब तक सभी अवैध ढांचे हटा नहीं दिए जाते, तब तक अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा।

### किन्हें मिलेगा घर

अहमदाबाद नगर निगम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि 2010 या उससे पहले से यहां रहने वाले लोग वैकल्पिक आवास के लिए पात्र होंगे और कई लोग पहले ही अपना घरेलू सामान वहां ले जा चुके थे।

## पीएनबी एटीएम काटने को हरियाणा से उत्तराखंड के हरिद्वार पहुंचा गैंग

यू-ट्यूब से सीखा तोड़ने का तरीका 2 गिरफ्तार-1 फरार



**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पीएनबी एटीएम में चोरी करने के लिए हरियाणा से गैंग हरिद्वार पहुंचा था। पुलिस ने गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने यू-ट्यूब से एटीएम काटने का तरीका सीखा था। हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र में सोमवार देररात करनाल से आए बदमाशों ने गैस कटर से पीएनबी के एटीएम को काटकर लूटने की कोशिश की। एटीएम में करीब 25 लाख रुपये मौजूद थे। गश्त पर निकली पुलिस टीम की सतर्कता से वारदात टल गई। पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरा साथी फरार हो गया। आरोपियों के कब्जे से गैस कटर, सिलेंडर, पेट्रोमैक्स, फर्जी नंबर प्लेट की कार और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने एटीएम काटने का तरीका यू ट्यूब से सीखा था।

एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने मंगलवार को बताया कि सोमवार आधी रात करीब ढाई बजे कनखल पुलिस की टीम गश्त पर थी। टीम जब देश रक्षक से दादूबाग की तरफ जा रही थी तो पीएनबी के जगजीतपुर शाखा के एटीएम के पास से एक युवक भागता दिखा। शक होने पर पुलिस ने एटीएम के पास जाकर देखा तो शटर बाहर से बंद था, लेकिन अंदर से आवाजें आ रही थीं। बताया कि शक होने पर पुलिस कर्मियों ने शटर को बाहर से लॉक कर दिया और फोर्स को मौके पर बुलाया।

इसके बाद जब शटर खोला गया तो अंदर दो युवक एटीएम मशीन को गैस कटर से काट रहे थे। मशीन का आधा हिस्सा कट चुका था। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह हरियाणा से आए हैं और नशे के आदी हैं। उन्होंने यूट्यूब से एटीएम काटने का तरीका सीखा और दो-तीन दिन पहले एटीएम की रेकी की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 25 वर्षीय कार्तिक राणा निवासी विकासनगर, सेक्टर-29, पानीपत और 28 वर्षीय धीरज निवासी राजीव कॉलोनी, हांसी रोड, करनाल हैं। उनके पास से आई-20 कार बरामद गई है। कार की नंबर प्लेट भी फर्जी है जबकि एक और फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की गई है। कनखल थाना प्रभारी चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार बदमाश की तलाश जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खत्म की 20 साल पुरानी व्यवस्था, जज बनने के लिए 3 साल का वकालत का अनुभव जरूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में न्यायिक सेवाओं में प्रवेश की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए लॉ ग्रेजुएट्स को एंट्री-लेवल जज की परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की 20 साल पुरानी परंपरा को समाप्त कर दिया है। अब केवल वही उम्मीदवार प्रथम श्रेणी न्यायिक अधिकारी पदों के लिए पात्र होंगे, जिन्होंने कम से कम तीन वर्षों के लिए वकालत की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने इस निर्णय में कहा, न्यायिक अधिकारी नियुक्ति के पहले दिन से ही नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और प्रतिष्ठा से जुड़े गंभीर मामलों से निपटते हैं। केवल किताबों से प्राप्त ज्ञान या नौकरी से पूर्व की ट्रेनिंग कोर्ट में मिलने वाले प्रत्यक्ष अनुभव की जगह नहीं ले सकते। पीठ ने माना कि पिछले दो दशकों में सीधे स्नातक छात्रों की भर्ती से कई व्यवहारिक और प्रशासनिक समस्याएं पैदा हुई हैं। इन नए नियुक्त न्यायिक अधिकारियों में अनुशासन और व्यवहार की समस्याएं देखी गईं जिनसे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। अब से न्यायिक सेवा परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो यह सिद्ध करेगा कि वे न्यूनतम तीन वर्षों से अधिवक्ता के रूप में अदालत में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

## शादी के नाम पर 25 पुरुषों को ठगने वाली महिला पकड़ी गई

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पुलिस ने भोपाल से एक 23 साल की महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप है कि उसने शादी के बहाने लगभग 25 पुरुषों को ठगा था। महिला की पहचान अनुराधा पासवान के रूप में हुई है,जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज की रहने वाली है। राजस्थान के सवाई माधोपुर में विष्णु शर्मा और उनके परिवार को कथित तौर पर धोखा देने के बाद वह कुछ समय से भोपाल में रह रही थी।

सवाई माधोपुर के मानटाउन पुलिस स्टेशन के अनुसार, विष्णु शर्मा सवाई माधोपुर में ठेला चलाते हैं और वह शादी करना चाहते थे। तबी एक पप्पू मीणा नाम का व्यक्ति संपर्क में आया। उसने उन्हें अनुराधा की तस्वीर दिखाई। विष्णु शर्मा ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि मीणा लड़कियों को मैचमेकिंग के लिए एक स्थानीय पार्क में लाते थे और वहीं उनकी मुलाकात अनुराधा से हुई और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। यह शादी 19 अप्रैल को स्थानीय अदालत में हुई थी। शर्मा ने बताया कि उन्होंने मीणा को 2 लाख रुपये नकद दिए थे,जिसमें उधार लिए गए पैसे भी शामिल थे। पप्पू मीणा ने ही यह रिश्ता तय करवाया था। शादी के बाद वह और अनुराधा पति-पत्नी के रूप में साथ रहने लगे।

विष्णु शर्मा ने बताया,उनकी कार्यप्रणाली के अनुसार,गिरोह के सदस्य शादी के 5-7 दिनों के भीतर आधी रात को अनुराध को उठा ले जाते थे। विष्णु शर्मा ने आगे कहा कि हालांकि,मेरा फास्ट-फूड का ठेला है और इसलिए मैं रात 10.30 बजे तक ही लौट पाता था,फिर खाना खाता था और आधी रात के बाद तक टेलीविजन देखता था। इस दौरान कोई न कोई देर रात तक जागता रहता था,इसलिए हमें धोखा देने में उसे 13 दिन लग गए। 2 मई को,अनुराधा ने कथित तौर पर अपने ससुराल वालों को दिए गए खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। शर्मा ने कहा



कि हमने छोले-भटूरे बनाए थे लेकिन मुझे शक है कि उसने पानी में कुछ मिलाया था। उस रात भी मैंने उससे पूछा था कि मेरी आंखें इतनी भारी क्यों लग रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह थोड़ा अजीब व्यवहार कर रही थी। हालांकि, वह सो गए। पुलिस ने बताया कि जब वे अगली सुबह जागे,तो उन्हें पता चला कि वह गहने,नकदी और एक मोबाइल फोन लेकर घर से भाग गई थी। सहायक उप-निरीक्षक मीठा लाल यादव ने बताया कि 3 मई को विभिन्न धाराओं के तहत स्वद्धक्र दर्ज की गई थी,जिसमें धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। उप-निरीक्षक मीठा लाल यादव ने बताया कि हमने मैरिज एग्रीमेंट देखा,जिसमें उसका पता लिखा था और भोपाल में उस जगह पहुंचे। हमें पता चला कि उसके द्वारा दिया गया पता झूठा था। हमारी टीम ने उसे ढूंढने की कोशिश करने के लिए भोपाल में ही रुकने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा कि हमने टैक्सी ड्राइवरों,स्थानीय लोगों आदि से बात की और उन्हें बताया कि हम एक व्यक्ति जो हमारी टीम का एक कांस्टेबल था,की शादी करवाना चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने हमें कुछ ऐसे लोगों के बारे में बताया जो शादियां तय करवाते थे। उन्होंने बताया कि उनकी टीम जांच के तहत चार दिनों तक भोपाल में रुकी रही और आखिरकार जब कोई अनुराधा की तस्वीर लेकर आया तो उनके धैर्य का फल मिला। यह तस्वीर विष्णु शर्मा के साथ हुए शादी के समझौते वाली तस्वीर से मेल खाती थी। फिर हमने उसे घेर लिया। वह भोपाल के पास कालापीपल में एक गब्बर नाम के व्यक्ति के साथ रह रही थी,जिससे उसने लगभग पांच-सात दिन पहले ही शादी की थी और उसे भी ठगने की योजना बना रही थी। पुलिस ने कहा कि पूछताछ करने पर उसने और उसके एजेंटों ने कबूल किया कि वह अब तक लगभग 25 बार शादी कर चुकी है।

## सांसदों को विदेश भेजने को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर उठाए सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सर्वदलीय सांसदों के समूह विदेश जाने की तैयारी में हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों को विदेश भेजने के फैसले के बारे में इसलिए सोचा ताकि वह उन कठिन सवालों का जवाब देने से बच पाएं, जिनके लिए उन्हें वहां बुलाया जा रहा है। बकौल रमेश वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब हो चुकी है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रमेश ने लिखा, 1950 के दशक के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर अक्तूबर-नवंबर में संयुक्त राष्ट्र में भेजा जाता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में ही इस परंपरा को बंद कर दिया था। लेकिन अब जबकि वह हताश हैं, तो अचानक से उन्हें सभी पार्टियों के सांसदों की याद आई। कांग्रेस नेता ने कहा, पीएम मोदी ने यह फैसला लिया क्योंकि वह वैश्विक और घरेलू स्तर पर पूछे जाने वाले सवालों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धक्का लग चुका है।

जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का एक वीडियो साझा करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा। इस वीडियो में अटल बिहारी बता रहे हैं कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया, जिससे विदेश में उनका इलाज हो सके। वीडियो के कैप्शन में जयराम ने लिखा, मनुष्य के प्रमुख गुण अच्छाई, शालीनता और मानवता होते हैं.. यह गुण नरेंद्र मोदी में उपस्थित नहीं है। इस वीडियो के जरिए हम किसी प्रधानमंत्री के मार्मिक और सुलझे हुए रूप को समझ सकते हैं, जो कि उनके धुर-विरोधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने खुद बताए थे। शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार ने उससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए प्रतिनिधिमंडलों में शामिल करने के लिए चार सांसदों के नाम भेजने के लिए कहा था। इस पर कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के नाम को भेजा था। लेकिन सरकार ने इसमें से केवल आनंद शर्मा को ही शामिल किया। चार कांग्रेस नेता, जिनके नाम कांग्रेस द्वारा नहीं सुझाए गए थे उन्हें भी इस सूची में शामिल किया गया है। इसमें शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद का नाम शामिल है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह वही प्रधानमंत्री हैं जो ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों में कांग्रेस की सार्वजनिक आलोचना की है। अब वह कांग्रेस की ही मदद ले रहे हैं।

राजीव गांधी को याद कर राहुल गांधी ने शेयर किया भावुक पोस्ट

## आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें याद किया है। राहुल गांधी ने अपने पिता के नाम एक भावुक पोस्ट भी शेयर किया। उन्होंने लिखा कि पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दो तस्वीरों को शेयर किया। एक तस्वीर में वह अपने पिता के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर राजीव गांधी की समाधि स्थल की है, जहां राहुल अपने पिता को हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक संदेश भी साझा किया। उन्होंने लिखा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा। इससे पहले कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने लिखा, स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वीर भूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने हमारे राष्ट्र की नींव को बदल दिया, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। उनकी स्थायी विरासत हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती रहती है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी राजीव गांधी को याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। राजीव गांधी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे और भारत के लिए शहीद हो गए। बता दें कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि है।

## अटारी-वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी फिर शुरू

भारत माता की जय के नारों से गूंजी भारतीय गैलरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव होने के बाद से पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर और फिरोजपुर के हुसैनीवाला व सादकी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी बंद कर दी गई थी, जो आज से दोबारा शुरू हो गई। लेकिन इस बार पहले की तरह न तो दोनों तरफ के गेट खोले गए और न ही बीएसएफ जवानों और पाक रेंजर्स ने हाथ मिलाए। अटारी बॉर्डर पर भारत की ओर से करीब 1500 सैलानी पहुंचे और वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे लगाए।

लेकिन, पाकिस्तानी की गैलरी पूरी तरह से खाली थी। पाकिस्तानी रेंजर्स ने औपचारिकता के तौर पर अपनी तरफ से झंडा फहराने की रस्म तो अदा की, मगर उनका हौसला बढ़ाने वाले दर्शक नहीं थे। मंगलवार शाम 6:30 बजे बीएसएफ जवानों और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच रिट्रीट सेरेमनी हुई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद 7 मई से रिट्रीट सेरेमनी बंद कर दी गई थी। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर की तरफ से एक्स पर पोस्ट की गई थी, जिसमें कहा गया कि हाल ही में पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के मद्देनजर फैसला लिया गया है।

इसके तहत पंजाब स्थित अटारी, हुसैनीवाला और सदकी बॉर्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी के दौरान प्रतीकात्मक प्रदर्शन को सीमित कर दिया गया है। रिट्रीट सेरेमनी भारत के सीमा सुरक्षा बल और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच होती है।

यह आमतौर पर शाम को सूरज ढलने के साथ शुरू होती है। इसमें भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों की परेड होती है, जिसमें दोनों देशों के कमांडर हाथ मिलाते हैं। इसका समापन राष्ट्रीय ध्वज को एक साथ नीचे उतारने के साथ किया जाता है। इसे रोजाना हजारों दर्शक देखने के लिए आते हैं।

**किसानों के लिए कंटीली तार वाले गेट भी खुले :** तनाव के कारण हद पर लगी फेंसिंग पर लगे गेट बंद कर दिए गए थे और और किसानों का भी फेंसिंग पर जाना बंद कर दिया था। अब फेंसिंग पर लगे गेट किसानों के लिए खेती करने के लिए आज खोल दिए गए। बीएसएफ अफसरों और जवानों से मिलने सोमवार को कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल अजनाला सीमा चौकी शाहपुर पहुंचे थे। धालीवाल ने सीमा पर कंटीली तार से दूसरी तरफ खेती कर रहे किसानों की परेशानियों को बीएसएफ अफसरों के साथ साझा करके किसानों के लिए गेट खोलने की घोषणा की। अब किसान सामान्य रूप से अपने खेतों पर जा सकेंगे।

# बांग्लादेश टी20 के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित; बाबर, रिजवान और अफरीदी बाहर



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है, जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी शामिल नहीं हैं। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर, रिजवान और अफरीदी को टी20 सेटअप से बाहर किया गया है। इससे पहले अप्रैल में, तीनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन वे वनडे मैचों का हिस्सा थे। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाली तीन मैचों की सीरीज, कोच के तौर पर माइक हेसन की पहली सीरीज होगी, जिसका शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे और ऑलराउंडर शादाब खान उनके डिप्टी होंगे, जबकि अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह भी टीम में शामिल हैं। चोट से जूझने के बाद आक्रामक बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी से पाकिस्तान को मजबूती मिलेगी। फरवरी में दूसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय टखने में फ्रैक्चर होने के बाद अयूब इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही बाहर हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मौजूदा पीएसएल सीजन में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

इस बीच, 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को पीएसएल में उनके प्रदर्शन के लिए 2018 के बाद पहली बार टी20 सेटअप में वापसी का इनाम मिला है। उन्होंने पीएसएल में अब तक अपने 10 मैचों में 154.50 की स्ट्राइक रेट से 394 रन बनाए हैं और इवेंट में रन बनाने वाले चार्ट में सबसे आगे हैं।

पाकिस्तान टीम- सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के लिए रवाना हुई। वहां वे चार देशों के एक दोस्ताना हॉकी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट टीम की दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारी का हिस्सा है। इसमें भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें एक-दूसरे के साथ मुकाबला करेंगी और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से 2 जून (भारतीय समयानुसार) तक चलेगा। इस दौरान भारतीय टीम इन तीनों देशों के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। इसका उद्देश्य टीम की तैयारी को परखना, सही टीम संयोजन बनाना और रणनीतियां सुधारना है। इस टीम के कोच तुषार खांडेकर हैं। गोलकीपर निधि टीम की कप्तान होंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी हीना बानो उप-कप्तान होंगी। भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली से, दूसरा 26 मई को उरुग्वे से और तीसरा 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

टीम के रवाना होने से पहले कप्तान निधि ने कहा, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। हम प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास मैचों में दिखेंगे। मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने से हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और हम आगामी खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कोच तुषार खांडेकर ने कहा, हम इस दौरे से अपने सबसे अच्छे खिलाड़ियों को पहचानने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि जूनियर वर्ल्ड कप अब सिर्फ छह महीने दूर है। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देगा और आगे चलकर उन्हें सीनियर टीम में शामिल होने में मदद करेगा।

आईपीएल 2025:

# 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट




**लखनऊ, एजेंसी।** 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में खेला जाएगा। इसके लिए हैदराबाद की टीम रोक ली गई है। बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं, बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।

विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को खेलता देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रसंशकों के लिए बोनस है।

मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है।

**प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही**

पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजायंट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगा था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

**बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद**

हम प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

# धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर, किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाले टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रही कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# शिखर धवन ने गुरुग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपए में एक लग्जरी फ्लैट खरीदा है। यह फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर अत्यधिक भव्य परियोजना 'द डहलियाज' में है। इस अपार्टमेंट का साइज 6,040 वर्ग फुट है। रियल एस्टेट क्षेत्र में आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म सीआरई मैट्रिक्स के मुताबिक पंजीकृत समझौता चार फरवरी, 2025 को हुआ था। धवन ने गुइस संपत्ति का मूल्य 65.61 करोड़ रुपए है। स्टाम्प शुल्क 3.28 करोड़ रुपये है, जिससे कुल कीमत लगभग 69 करोड़ रुपए हो जाती है। पिछले साल अगस्त में हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुए 'द डहलियास' परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यहां प्रति स्क्वायर फीट अपार्टमेंट की कीमत 1,14,068 रुपए है। भारतीय क्रिकेट में 'गब्बर' नाम से के मशहूर शिखर धवन ने अगस्त 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और भारत के लिए उनका अंतिम मैच भी 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 50 ओवर का खेल था। अपने करियर के दौरान, धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले।

CSK की 10वीं हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा...

# शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह लगभग तय है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर समाप्त होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हारने के साथ उनका पतन जारी रहा। मंगलवार को बड़ी संख्या में भीड़ - जिसमें बच्चे, वयस्क और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे - ने कोटला में कड़ी गर्मी और कामकाजी सप्ताह के दिन का सामना किया और पीली जर्सी पहनकर और हर छोटे अवसर पर सीटी बजाकर एमएस धोनी एंड कंपनी के लिए जोरदार समर्थन दिखाया।

लेकिन सीएसके के उलझे हुए दृष्टिकोण - जैसे कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे से आगे बढ़ाना - और गेंदबाजी में कोई भी पैनापन नहीं होना, ने उन्हें फिर से निराश किया।

मंगलवार के मुकाबले से पहले, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि सीजन को अच्छी तरह से खत्म करने का अवसर उनके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। लेकिन आरआर से हार, जो इस सीजन की उनकी दसवीं हार थी, ने सीएसके को टी20 तालिका में काफी पीछे रहने की याद दिला दी। इसलिए, फ्लेमिंग को यह कहते हुए सुनना आश्चर्यजनक नहीं था कि सीएसके का अंक तालिका में सबसे नीचे रहना 'संभवतः उचित' है। हमें यहां नीचे रहना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन यह कोई प्रेरणा नहीं है। हम बस एक अच्छा प्रदर्शन चाहते थे। हम कुछ प्रदर्शनों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य दो अच्छे प्रदर्शन करना था। अब बस एक अच्छा प्रदर्शन खत्म करना होगा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं। हमने उस तरह का क्रिकेट खेला है, इसलिए आप इससे दूर नहीं रह सकते। लेकिन हम जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करें, जो टीम की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि सीएसके द्वारा 78 रन पर अपनी आधी टीम गंवाने के बाद 187/8 का स्कोर बनाना सराहनीय था, लेकिन यह स्कोर हमेशा ही आरआर की प्रेरित टीम को चुनौती देने के लिए अपर्याप्त था, जिसने अपने युवाओं के दम पर जीत हासिल की। कुछ खिलाड़ियों ने चेन्नई में भी ट्रेनिंग की थी। बस इसमें थोड़ी यात्रा शामिल थी। बाकी सब अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि यह तालिका में हमारी स्थिति के हिसाब से अधिक है, अगर आप शीर्ष चार या पांच के आसपास हैं, तो वापस आकर प्रेरित होना और खेल में उतरना बहुत आसान है। फ्लेमिंग ने कहा, हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। इन दो मैचों के लिए हमारी प्रेरणा बहुत अधिक रही है। ट्रेनिंग अच्छी रही है। तीव्रता ठीक थी। हम फिर से बीच में प्रदर्शन करने में कमी कर रहे हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच, सीएसके इस बात से खुश होगी कि आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को किस तरह से प्रदर्शन किया, जिन्होंने क्रमशः 43 और 42 रन बनाते हुए कुछ बेहतरीन शॉट दिखाए। हालांकि सीएसके ने पावर-प्ले में 68 रन बनाए, एक ऐसा चरण जो उनके पतन का आधार रहा है, के बाद उन्होंने म्हात्रे सहित तीन विकेट खो दिए, और इससे 200 तक पहुंचने की उनकी इच्छा को चोट पहुंची।

# मलेशिया मास्टर्सः एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत, दूसरे दौर में पहुंचे; सिंधू पहले ही दौर में बाहर




**कुआलालंपुर, एजेंसी।** प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पुरुष एकल में भारतीयों का जलवा

प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी।

**सिंधू की खराब फॉर्म जारी**

पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधू की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरुआती दौर ही पार नहीं कर सकीं।

सिंधू को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

# चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं

**चंबा, एजेंसी।** चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश के चंबा



जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी। चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं।

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने कहा-

# अगला साल निश्चित रूप से हमारा होगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लीग मैचों के समाप्त होने में अभी एक सप्ताह बाकी है, लेकिन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 14 लीग मैचों का कोटा पूरा होकर उनके आईपीएल 2025 का सफर समाप्त हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनने वाली आरआर अभी भी सीएसके से ठीक ऊपर और अंक तालिका में अंतिम से दूसरे स्थान पर है, जबकि पिछले साल आरआर ने प्ले ऑफ तक का सफर पूरा किया था। टीम के इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा, इस सीजन कई मैच ऐसे रहे, जहां हमने जीतते-जीतते कई करीबी मुकाबले गंवाए। हमने तीनों विभागों, खासकर फील्डिंग में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इसके अलावा हमने पांच बल्लेबाज रिटेन किए थे तो हमें बल्लेबाजों से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन कई मौके ऐसे आए, जहां हमने अच्छी शुरूआत नहीं की। वहीं गेंदबाजी में भी हमने अधिकतर बार 10 से 15 रन अधिक दिए, जो बाद में हार का अंतर साबित हुए। कई मौकों पर हम मैच को अपने पक्ष में समाप्त कर सकते थे, लेकिन हम दुर्भाग्यशाली रहे कि हम ऐसा नहीं कर पाए। यह निराशाजनक है और इससे तकलीफ होती है, लेकिन यह आपको अगले सीजन के लिए उम्मीद भी देती है। मुझे लगता है कि हम इससे बुरा और नहीं कर सकते और अगले सीजन हम निश्चित रूप से वापसी करेंगे। ये सभी लड़के एक साल और अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट खेलकर और भी बेहतर होंगे, खासकर हमारी बल्लेबाजी इकाई और भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि आरआर ने इस साल चार ऐसे करीबी मुकाबले गंवाए, जिसमें जीत-हार का अंतर 11 रन से भी कम था, वहीं दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मुकाबला भी सुपर ओवर में जाने के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर इन मुकाबलों में से आधे के परिणाम भी आरआर के पक्ष में जाते तो वे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहते। हालांकि राठौड़ ने कहा कि उन्हें इस सीजन से कई सकारात्मक चीजें मिलीं, जो कि अगले सीजन को बेहतर बनाने के काम आएंगी। वैभव सूर्यवंशी के लिए पूछे जाने पर राठौड़ ने कहा, सूर्यवंशी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके पास निरंतरता है और वह लगभग हर मैच में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी अच्छी पारी खेली थी और बार-बार ऐसा करना दिखाता है कि वह अलग और अनूठे हैं। उनके बल्ले का डाउनस्विंग उन्हें एक विशेष खिलाड़ी बनाता है।

राठौड़ ने कहा, हमने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, जैसे आज सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल ने अच्छा स्पैल डाला। उनको ऐसे गेंदबाजी करते देखना निश्चित रूप से सुखद था। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अच्छी गेंदबाजी की। आज, वनिंदु हसरंगा ने भी वापसी करते हुए अच्छी गेंदबाजी की। हम दुर्भाग्यशाली रहें कि सैंडी (संदीप शर्मा) बीच टूर्नामेंट में चोटिल हो गए, लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं, जिस पर हम निर्भर रह सकते हैं। तो गेंदबाजी में ये सभी सकारात्मक चीजें हैं। उन्होंने कहा, वहीं बल्लेबाजी में तो बहुतों ने उम्मीद जगाई है। हमारी बल्लेबाजी जिस तरह की है, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए जितना बेकार सीजन हो सकता था, हो चुका है। यहां से चीजें बेहतर ही होंगी। चाहे वैभव (सूर्यवंशी) हों या ध्रुव जुरेल, सब यहां से बेहतर ही होंगे। वहीं रियान पराग एक विशेष खिलाड़ी हैं। संजू (सैमसन) दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस सीजन अधिकतर समय चोटिल रहें, हम उम्मीद करते हैं कि वह अगले सीजन पूरी तरह फिट होकर हमारे लिए पूरा सीजन खेलेंगे। वह न सिर्फ एक अच्छे बल्लेबाज, बल्कि बेहतरीन कप्तान और नेतृत्वकर्ता हैं। वहीं (शिमरॉन) हेटमायर के लिए यह निराशाजनक सीजन रहा, लेकिन जिस तरह के वह खिलाड़ी हैं, वह भी निश्चित रूप से कोशिश करेंगे कि आगे ऐसा ना हो।

